दिन– शनिवार दिनांक– 31 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत सभी राज्यों को कर हस्तांतरण के रूप में इक्यासी हजार सात सौ पैंतीस करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त की स्वीकृति दी।

02. कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के अस्पतालों में आज ऑक्सीजन अवसंरचना का मॉकड्रिल किया जायेगा।

03. केंद्र ने खुदरा कीमतों में कमी लाने के लिए कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर दस प्रतिशत किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल और किशनगंज, समेत उत्तर बिहार के ग्यारह जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

केंद्र सरकार ने बिहार समेत सभी राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण के रूप में इक्यासी हजार सात सौ पैंतीस करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त को स्वीकृति दे दी है। यह राशि दो जून को जारी की जाएगी। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हस्तांतरण की अतिरिक्त किस्त से राज्य अपने पूंजीगत व्यय में तेजी ला सकेंगे और अपने विकास तथा कल्याण संबंधी व्यय का वित्तपोषण कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह राशि कर हस्तांतरण की नियमित मासिक किस्त इक्यासी हजार सात सौ पैंतीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त है, जो दस जून को जारी की जाएगी।

---

केंद्र ने कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर दस प्रतिशत कर दिया है। इसका उद्देश्य खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहित करना है। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने कल एक अधिसूचना जारी की। इससे पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क बीस प्रतिशत था। रिफाइंड ऑयल पर सीमा शुल्क साढे बत्तीस प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना हुआ है। भारत मलेशिया और इंडोनेशिया से पाम ऑयल और ब्राजील और अर्जेंटीना से सोयाबीन तेल  आयात करता है।

---

प्रदेश में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना में सात लोगों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है। इधर, कोविड के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से आज अस्पतालों में ऑक्सीजन अवसंरचना

का मॉकड्रिल किया जायेगा। केन्द्र सरकार ने इस संबंध में राज्यों को अपने स्वास्थ्य संस्थानों में स्थापित पीएसए ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट की कार्यशीलता का परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मॉकड्रिल का उद्देश्य कोविड संक्रमण की स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति को निर्बाध बनाये रखना है।

---

प्रदेशभर में छब्बीस मई से तीस मई तक चले विशेष अभियान में अठारह लाख आयुष्मान कार्ड बने हैं। बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक शेखर ने बताया कि विशेष अभियान के तहत सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लगभग पचास हजार कार्ड बनाये गये हैं। इस अभियान के दौरान दरभंगा में सबसे अधिक एक लाख बारह हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड और वय वंदना कार्ड बनाने गये हैं। प्रदेश में अब तक तीन करोड़ बानवे लाख से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है।

---

आयुवेर्दिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ कार्रवाई करने के मकसद से आयुष मंत्रालय ने आयुष सुरक्षा पोर्टल लांच किया है। आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया कि इससे आयुष क्षेत्र में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को सलाम करता है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम भारत के पहले परमवीर चक्र विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा को याद कर रहे हैं, जिन्होंने उन्नीस सौ सैंतालीस–अड़तालीस के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था।

———कट–सकलेन———104 सें0

---

आतंकवाद के खिलाफ भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत सात सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेशों में अपनी आधिकारिक यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाए कर रहा है। जदयू सांसद संजय झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल इंडोनेशिया की यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने जकार्ता में इंडोनेशिया के थिंक टैंक और शिक्षाविदों, विद्वानों और शोधकर्ताओं के साथ कई बैठकें कीं। इस अवसर पर श्री झा ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति का अनुपालन कर रहा है।

———बाइट———

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की यात्रा पर है। इस दौरान श्री प्रसाद ने कहा कि डेनमार्क ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीतियों का पूरी तरह समर्थन किया है।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां और कटिहार समेत ग्यारह जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। वहीं, राज्य के दक्षिणी जिलों में उमसभरी गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

———बाइट———

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित एनएमसीएच परिसर में राजकीय तिब्बी चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के निर्माण का कार्यारंभ करेंगे। इस अस्पताल का निर्माण दो सौ चौंसठ करोड़ रूपये की लागत से किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो सौ बेड की क्षमता वाले पांच मंजिला अस्पताल में मरीजों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

———————————————————————

भारतीय पर्यटक अब चार लाख पच्चीस हजार रूपये तक की नकद भारतीय मुद्रा नेपाल ले जा सकेंगे। नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु प्रसाद पोडेल ने बजट भाषण में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था हवाई और सड़क मार्ग से नेपाल आने वाले यात्रियों पर लागू होगी। विशेषज्ञों के अनुसार इस व्यवस्था को लागू होने में कुछ महीनों का समय लग सकता है।

———————————————————————

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लैब टू लैंड कार्यक्रम के दौरान सौ से अधिक कृषि वैज्ञानिक दलों ने कल प्रदेश के लगभग तीन सौ गांवों का दौरा किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक की भी जानकारी दी गयी।

---

राज्य सरकार ने बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड का औपचारिक रूप से पंजीकरण किया है। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि यह राज्यस्तरीय महिला नेतृत्व वाली साख सहकारी संस्था है, जिसे जीविका द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। इसका उद्‌देश्य ग्रामीण महिलाओं को आसानी से ऋण उपलब्ध कराना है।

---

प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में आज अभिभावक–शिक्षक संगोष्ठी– पैरेंट मीट का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिक्षक और अभिभावक के बीच संवाद होगा। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने सभी विद्यालयों में प्रत्येक शनिवार को पैरेंट मीट कराने के निर्देश जारी किये हैं।

---

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के मकसद से यह दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तंबाकू के उपयोग को समाप्त करने के लिए एक वैश्विक पहल है। इस अवसर पर प्रदेश में जागरूकता के लिये कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर शिवहर जिले के मॉडल कारा में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

और अब जिलों से प्राप्त संक्षिप्त समाचार......

सीतामढ़ी जिलाप्रशासन ने कार्य में लापरवाही, असंवेदनशीलता तथा लगातार अनुपस्थित रहने के मामले में तेईस राजस्व कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें इक्कीस वे कर्मचारी शामिल हैं, जो पिछले दिनों सामूहिक हड़ताल पर चले गए थे। इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं।

---

सारण जिले के छपरा में गंडक कॉलोनी स्थित टाईगर स्पेशल पोस्ट में पुलिस ने शराब पार्टी करते एक दारोगा के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

---

अररिया जिले के बसमतिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एसएसबी के साथ संयुक्त छापेमारी में ढ़ाई सौ ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर के पास से एक सीसीटीवी सहित कई आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया है।

---

बेगूसराय जिले के बखरी थाना में तैनात है टाइगर मोबाइल के तीन जवानों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। डीएसपी ने बताया कि इन जवानों पर शराब तस्करों के साथ सांठगांठ का आरोप है। मामले में चार शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोहतास के बिक्रमगंज में जनसभा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– पीएम ने बिक्रमगंज की सभा में कहा–आतंकियों ने फिर फन उठाया तो, बिल से निकालकर कुचल देंगे।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– देश में जाति जनगणना का फैसला लेकर प्रधानमंत्री ने किया बड़ा काम।

दैनिक जागरण लिखता है– बीपीएससी इकहत्तरवीं पीटी के लिए दो से आवेदन, बारह सौ पचास सीटों पर होगी नियुक्ति।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– देशभर में घर–घर सिंदूर पहुंचाने का भारतीय जनता पार्टी की ओर से कोई कार्यक्रम नहीं।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– पूर्णियां, मोतिहारी और जमुई में बनेंगे तारामंडल।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– नीट पीजी दो हजार पच्चीस एक ही पाली में।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने बिहार समेत सभी राज्यों को कर हस्तांतरण के रूप में इक्यासी हजार सात सौ पैंतीस करोड़ रुपये की अतिरिक्त किस्त की स्वीकृति दी।

02. कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के अस्पतालों में आज ऑक्सीजन अवसंरचना का मॉकड्रिल किया जायेगा।

03. केंद्र ने खुदरा कीमतों में कमी लाने के लिए कच्चे पाम ऑयल, कच्चे सोयाबीन और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर दस प्रतिशत किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, सुपौल और किशनगंज, समेत उत्तर बिहार के ग्यारह जिलों में आंधी, बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।